बीपीसीई 146

# मनोविज्ञान
# स्नातक उपाधि कार्यक्रम
# (बीएजी/बीएएम)
# विषय विशिष्ट ऐच्छिक (DSE)

## सत्रीय कार्य
## जुलाई 2025 और जनवरी 2026 सत्रों के लिए

**पाठ्यक्रम कोड : बीपीसीई 146**
**पाठ्यक्रम शीर्षक : औद्योगिक/संगठनात्मक मनोविज्ञान**

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय
मनोविज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

# सत्रीय कार्य
# 2025-2026

प्रिय शिक्षार्थी,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम दर्शिका में सूचित किया है कि इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत् मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक तथा सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक निर्धारित है।

**बीपीसीईई 146,** 6 क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए निम्नलिखित अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए) करने होंगे।

**सत्रीय कार्य-I** में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं। आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के जैसे प्रस्तावना एवं उपसंहार के साथ लिखने होंगे। इसका उद्देश्य आपको विषय से संबंधित समझ/ज्ञान का वर्णन करने की क्षमता, सुसंगता और सुस्पष्ट तरीके को जांचना है।

**सत्रीय कार्य-II** में मध्य श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, और इसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने के कौशल का परीक्षण करने के लिए हैं।

**सत्रीय कार्य-III** में संक्षिप्त श्रेणी के प्रश्न हैं। यह प्रश्न व्यक्तियों, लेखन, घटनाओं तथा अवधारणाओं और प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ के विषय में प्रासंगिक/सटीक जानकारी को संक्षेप में स्मृति में रखने के कौशल को उत्तम बनाने के लिए है।

**सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।** यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द–सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के

उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल में सुधार होगा, तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

| सत्र | सत्रीय कार्य जमा करने की तिथि | सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| जुलाई 2025<br>एवं<br>जनवरी 2026 | 31 मार्च, 2026<br>एवं<br>30 सितम्बर, 2026 | पूरा किया हुआ सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा करें। |

आपको सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अन्दर जमा करने होंगे, जिससे आप सत्रांत परीक्षा दे सके।

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिए। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। पूर्ण किये हुए सत्रीय कार्य आपको प्रेषित किये गये अध्ययन केन्द्र के संयोजक को ही भेजने होते हैं।

**सत्रीय कार्य लिखने से पहले नीचे दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक अनुकरण करें:**

1. आपके लिए नीचे दिए गये तथ्यों पर ध्यान केन्द्रित करना उपयोगी साबित होगा।

   **क)** **योजना** : सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

   **ख)** **संगठन** : अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें। उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि :

      क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

      ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

      ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

ग) **प्रस्तुतीकरण** : जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ–साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हो, उन्हें रेखांकित कर दें। यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

2. अपने उत्तर लिखने के लिए A4 साइज पेपर का प्रयोग करें और सभी पेजों को ध्यानपूर्वक टैग करें। बायीं ओर 4 सेमी का हाशिया और दो उत्तरों के बीच कुछ जगह छोड़े। उपयुक्त जगहों पर छोड़े गये हाशिया में उपयुक्त टिप्पणी करने के लिए शैक्षणिक परामर्शदाता (academic counselor) को सुविधा होगी।

3. ***उत्तर आपकी स्वयं की लिखावट में होनी चाहिए।*** अपने उत्तरों को टाइप या प्रिंट न करें। विश्वविद्यालय द्वारा भेजे गये अध्ययन सामग्री से अपने उत्तर की नकल न करें। अगर आप अध्ययन सामग्री से नकल करते हैं तो आपको शून्य अंक मिलेंगे।

4. आपको सत्रीय कार्य की एक प्रति पूर्ण किये सत्रीय कार्य के साथ इसे जमा करने से पहले संलग्न करनी होगी।

5. अगर आपने अध्ययन केन्द्र परिवर्तित के लिए निवेदन किया हुआ है, तो आपको सत्रीय कार्य, मूल अध्ययन केन्द्र में ही जमा करना चाहिए जब तक कि आपको विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययन केन्द्र के बदलने की सूचना ना मिल जाये।

6. अगर आपको अपने सत्रीय कार्य के मूल्यांकन के पश्चात् कोई वास्तविक त्रुटि मिलती है जैसे सत्रीय कार्य का कोई हिस्सा का मूल्यांकन नहीं हुआ हो या कुल अंक जो संत्रीय कार्य पर गलत अंकित है, आदि। ऐसी त्रुटियों के सुधार के लिए और मुख्यालय में सही अंको को भेजने के लिए, अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक से संपर्क करें।

शुभकामनाओं के साथ,

**मनोविज्ञान संकाय**
**सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ,**
**इग्नू, नई दिल्ली**

## बीपीसीई 146 : औद्योगिक / संगठनात्मक मनोविज्ञान
## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोडः BPCE 146**
**सत्रीय कार्य कोड : बीपीसीई 146 /ए.एस.एस.टी./TMA/जुलाई, 2025 - जनवरी, 2026**
**अधिकतम अंकः 100**

**नोटः सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

### सत्रीय कार्य - I

**निम्नलिखित *वर्णनात्मक श्रेणी* के प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक है। 2x20=40**

1. संप्रेषण के अर्थ, महत्व तथा प्रकार्यों की व्याख्या कीजिए। संप्रेषण प्रक्रिया के तत्व पर चर्चा कीजिए।

2. अभिप्रेरणा के सिद्धांत की व्याख्या कीजिए।

### सत्रीय कार्य - II

**निम्नलिखित *मध्य श्रेणी* के प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक है। 3x10=30**

3. लेविन का मॉडल और परिवर्तन के प्रबंधन के तरीके की व्याख्या कीजिए।

4. नेतृत्व के सिद्धांत का वर्णन कीजिए।

5. कार्य संतुष्टि के पूर्ववृत्त पर चर्चा कीजिए।

### सत्रीय कार्य - III

**निम्नलिखित *संक्षिप्त श्रेणी* के प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 6 अंक है। 5x6=30**

6. सामाजिक अधिगम सिद्धांत

7. प्रशिक्षण एवं विकास की अवधारणा

8. नेतृत्व पर भारतीय दृष्टिकोण

9. कार्य स्थल में भावनात्मक बुद्धिमता

10. तनाव के स्रोत